दिनांकः 21.07.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

संसद के बजट सत्र से पहले केन्द्र सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक आज नई दिल्ली में जारी है। इस बैठक का उद्देश्य संसद के दोनों सदनों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपील करना है। संसद का बजट सत्र कल से शुरू हो रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन मंगलवार को लोकसभा में वर्ष 2024–25 का केन्द्रीय बजट पेश करेंगी। इस बजट सत्र में सरकार छह नए विधेयक पेश कर सकती है। नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का यह पहला बजट होगा।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शाम नई दिल्ली के भारत मंडपम में विश्व विरासत समिति के 46वें सत्र का उद्‌घाटन करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री सभा को भी संबोधित करेंगे। श्री मोदी ने विश्व विरासत समिति की बैठक की मेजबानी भारत को मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा है कि वे आज के कार्यक्रम के प्रति उत्सुक है। भारत, पहली बार विश्व विरासत समिति की बैठक की मेज़बानी कर रहा है। बैठक इस महीने की 31 तारीख तक जारी रहेगी।

000

गुरू पूर्णिमा के अवसर पर आज प्रदेशभर में कई धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। इस दौरान विभिन्न सम्प्रदाय की प्रमुख गुरुपीठों और आश्रमों में व्यास पीठ पूजन और गुरु वंदन किया जा रहा है।
गुरु पूर्णिमा के मौके पर देवस्थान विभाग की ओर प्रदेश के 215 गुरुओं और संतो का "गुरु वंदन" किया जा रहा है। देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने गोविन्द देवजी और मोती डूंगरी गणेश मंदिर के महन्तों का वंदन किया। विभाग की ओर से हर गुरु को 31 सौ रुपये, शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया जा रहा है। राज्य में विभिन्न स्थानों पर गुरु पूर्णिमा के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। नागौर में मंदिरों में सुबह से ही पूजन और सत्संग का कार्यक्रम शुरू हुआ, जो दिनभर चलेगा। दौसा के मेंहदीपुर बालाजी सहित विभिन्न मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। डूंरगपुर के बेणेश्वार धाम में भी श्रद्धालुओं ने मंहत की वंदना की और आशीर्वाद लिया। जैसलमेर के रामदेवरा में देश के कई भागों से श्रद्धालु बाबा की समाधि के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।
मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरु पूर्णिमा पर भरतपुर स्थित दाऊजी मंदिर के महंत और अपने गुरु का आशीर्वाद लेकर प्रदेश में खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री ने श्रीनाथजी भगवान के भी दर्शन कर पूजा अर्चना की। इस दौरान उन्होंने परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं से बातचीत भी की।

000

राज्य में पिछले 24 घंटों में कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा 6–6 सेंटीमीटर बारिश झालावाड़ के सुमेल और फलौदी के बापिनी में दर्ज की गई। कोटा के कानवास, झालावाड़ के पिडावा और पचपहाड़ तथा भीलवाडा के कोटडी में 5–5 सेंटीमीटर पानी बरसा। बूंदी के बरधा बांध में पानी की अच्छी आवक हो रही है। इससे बांध पर चादर चलने लगी है। चांदा का तालाब भी पूरी तरह भर गया है। जैसलमेर में कल रात हुई तेज बारिश के बाद से जलाशयों में पानी की अच्छी आवक हो रही है। विभाग ने आज जयपुर, दौसा, बारां, अजमेर और भीलवाड़ा जिलों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है।

000

व्यावसायिक और शिक्षा ऋण योजना के तहत अल्पसंख्यक समुदाय के पात्र और इच्छुक आवेदकों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की कल आखिरी तारीख है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अभिषेक सिद्ध ने बताया कि पात्र आवेदक विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नम्बर 0141–2785723 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 जुलाई को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 112वीं कड़ी होगी। इस कार्यक्रम के लिए श्रोता अपने विचार और सुझाव टोल फ्री नंबर 1800–11–7800 के माध्यम से दे सकते हैं। इसके अलावा नमो एप और माय जी ओ वी ओपन फोरम के जरिये भी अपने विचार साझा कर सकते हैं।

000